# पूर्व छात्रा एसोसिएशन रिपोर्ट 2017-18

महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एसोसिएशन द्वारा 10 फरवरी 2018 को वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 70 सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में एसोसिएशन की गतिविधियों और उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और उसके बाद कोषाध्यक्ष, सुश्री पापोरी कुँवर ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। महाविद्यालय की डांस सोसाइटी ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया। एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने अपनी-अपनी कविताएँ साझा कीं।

इस मिलन समारोह के अतिरिक्त पूर्व छात्रा एसोसिएशन के सदस्यों ने हिंदू कॉलेज द्वारा 2 दिसम्बर 2017 को इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित पाँचवें टाइटंस कप चैलेंज में भाग लिया। इस वादविवाद प्रतियोगिता का विषय था '' इंडियन जॉब्स आर नॉट थ्रैटंड बाय द फोर्थ इंडस्ट्रियल रेवोलूशन''। इस प्रतियोगिता में सुश्री अनीषा टंडन और सुश्री विदुषी गुप्ता ने भाग लिया।

महाविद्यालय अपनी पूर्व छात्राओं से संपर्क में रहता है और उन्हें छात्राओं के साथ परस्पर संवाद के लिए आमंत्रित किया जाता है। अप्रैल 2018 में पूर्व छात्रा एसोसिएशन ने पूर्व छात्रा अरुणा रॉय की पुस्तक 'द आर.टी.आई. स्टोरी' के विमोचन का आयोजन किया। सुश्री अरुणा रॉय ने कर्मचारियों और छात्राओं के साथ बातचीत की।

पूर्व छात्रा एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी सहाय ने अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है अत: अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। सदस्यों ने सर्वसम्मति से डॉ. नलिनी डेका का अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया।

इस समय महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ में 12 पूर्व छात्राएँ हैं जो महाविद्यालय के समष्टि जीवन में अपना योगदान दे रही हैं।

- इतिहास विभाग की सीनियर एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. मीना भार्गव, महाविद्यालय की अभिलेखागार समिति की सदस्य और भूगोल विभाग की विशेष कार्याधिकारी हैं।
- दर्शन शास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर और दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म, दिल्ली विश्वविद्यालय में विशेष कार्याधिकारी, डॉ. मनस्विनी एम. योगी।
- डॉ. उदया एम. योगी, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शन शास्त्र विभाग।
- डॉ. रेखा उप्रेती, एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग।
- डॉ. रेखा सेठी, एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग और महाविद्यालय की उप-प्राचार्या, महाविद्यालय के अनुवाद और शोध केन्द्र में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं और छात्र पत्रिका 'CODE' की सलाहकार हैं। CODE के दो अंक प्रकाशित हो चुके हैं।

- राजनीति शास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. ज्योति त्रेहन शर्मा, पिछले चार वर्षों से गांधी पर गोलमेज़ सम्मेलन की संयोजक हैं।
- गणित विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर, सुश्री सुनीता मार्वाह 2017 में प्रवेश समिति की संयोजक थीं और पूर्व छात्रा एसोसिएशन की सचिव हैं। सुश्री सुनीता मार्वाह और गणित विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर, सुश्री सरिता आनंद पिछले दो वर्षों से प्रवेश के दौरान छात्र शिकायत प्रकोष्ठ की सदस्य रही हैं।
- मनोविज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. सुरभिका माहेश्वरी ने ईको क्लब की सलाहकार के रूप में उद्यान और कैंटीन की उपशिष्ट सामग्री को रीसाइकिल करने में सक्रिय रूप से योगदान किया है। इस अपशिष्ट सामग्री से बनाई गई खाद का प्रयोग महाविद्यालय के उद्यानों में किया गया।
- हिंदी विभाग में सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. हर्षबाला शर्मा, कार्यभार और नए शैक्षणिक पद समिति की संयोजक हैं।
- अंग्रेज़ी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर, सुश्री जयश्री बोरा, नॉर्थ ईस्ट सोसाइटी की सलाहकार रही हैं।
- सुश्री पापोरी कुँवर, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति शास्त्र विभाग।
- डॉ. शगुफ्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर,राजनीति शास्त्र विभाग और सलाहकार, बी.ए. (प्रोग्राम) शैक्षणिक सोसाइटी।

पूर्व छात्रा एसोसिएशन द्वारा प्रति वर्ष छह छात्राओं को अपना अध्ययन जारी रखने के लिए योग्यता सह आवश्यकता पर आधारित छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। इस वर्ष भी छह छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं।